ALLEN

# SAMPLE PAPER

Subject - Hindi

Class - X

Time : 3.15 Hrs Maximum Marks: 80

---

प्रश्न 1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी पुस्तिका में लिखिए:– (15)

(1) बुढ़ापा शब्द है–
(अ) व्यक्तिवाचक (ब) जातिवाचक (स) भाववाचक (द) इनमें से कोई नहीं

(2) तट्टीका शब्द में संधि है–
(अ) दीर्घ संधि (ब) गुण संधि (स) विसर्ग संधि (द) व्यंजन संधि

(3) जिस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं वह होता है–
(अ) द्वविगु (ब) तत्पुरूष (स) द्वंद्व (द) अव्ययीभव

(4) जननी शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है–
(अ) नी (ब) नि (स) ई (द) कोई नहीं

(5) मन्नू भंडारी की प्राध्यापिका शीला अग्रवाल का विषय था–
(अ) इतिहास (ब) राजनीति विज्ञान (स) हिन्दी (द) अर्थशास्त्र

(6) बाल गोबिन भगत जिस नदी में स्नान करने जाते थे वह गांव से कितनी दूर थी–
(अ) पांच मील (ब) तीन मील (स) दो मील (द) चार मील

(7) हालदार साहब कितने दिन बाद कंपनी के काम के सिलसिले से उस कस्बे से गुजरते थे–
(अ) दस दिन (ब) पंद्रह दिन (स) बीस दिन (द) तीस दिन

(8) यशपाल का जन्म कहां हुआ–
(अ) फिरोजपुर (ब) ऊधमपुर (स) मुजफ्फरनगर (द) इंदौर

(9) मंगलेश डबराल के कितने कविता संग्रह प्रकाशित हुए–
(अ) तीन (ब) चार (स) पांच (द) छः

(10) नागार्जुन का मूल नाम क्या था–
(अ) वैद्यनाथ मिश्र (ब) कृष्णनाथ मिश्र
(स) देवदत मिश्र (द) हरिनारायण

(11) घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ पंक्ति में धाराधर शब्द का अर्थ है–
(अ) आकाश (ब) वर्षा (स) बादल (द) सौंदर्य

(12) रामचरितमानस में मुख्य रूप से कौनसा छंद प्रयुक्त है–
(अ) सोरठा (ब) दोहा (स) हरिगितिका (द) चौपाई

(13) अज्ञेय द्वारा वर्णित हिरोशिमा शहर किस देश में स्थित है–
(अ) भूटान (ब) नेपाल (स) जापान (द) तिब्बत

(14) गंगटोक शहर से यूमथाग् की दूरी कितनी है?
(अ) 140 किमी (ब) 145 किमी (स) 149 किमी (द) 147 किमी

(15) भोलानाथ के पिताजी किस नदी में मछलियों को आटे की गोलियां खिलाने जाते थे–
(अ) तिस्ता (ब) यमुना (स) ब्रह्मपुत्र (द) गंगा

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:– (4)

(1) शब्द जो किसी वस्तु पदार्थ या जगह की मात्रा, तोल या माप का बोध कराते हैं वे ................. कहलाते है?

(2) उत्पत्ति के आधार पर क्रिया के ................ भेद माने जाते है?

(3) जिन शब्दों में लिंग वचन कारक आदि के कारण रूप परिवर्तन नहीं होता है वह .............. कहलाते है?

(4) प्रश्न का बोध कराने वाले सर्वनाम को ................. कहते है?

प्रश्न 3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर पुस्तिका में लिखिए। (6)

ज्ञान राशि के संचित कोष ही नाम साहित्य है। सब तरह के भावों को प्रकट करने की योग्यता रखने वाली और निर्दोष होने पर भी, यदि कोई भाषा अपने निज का साहित्य नहीं रखती तो वह रूपवती भिखारिन की तरह कदापि आदरणीय नहीं हो सकती। उसकी शोभा उसकी श्रीसंपन्नता उसकी मान मर्यादा उसके साहित्य पर ही निर्भर रहती है। जाति विशेष के उत्कर्ष का उसके उच्च भावों का उसके धार्मिक विचारों और सामाजिक संगठन का उसके ऐतिहासिक घटना चक्र और राजनीतिक स्थितियों का प्रतिबिंब देखने को यदि कहीं मिल सकता है तो उसके ग्रंथ साहित्य में ही मिल सकता है। सामाजिक शक्ति या सजीवता सामाजिक आशक्ति या निर्जीविता और सामाजिक सभ्यता तथा असभ्यता का निर्णायक एकमात्र साहित्य है।

(1) साहित्य किसे कहते है?
(2) निजी साहित्य से विहीन कोई भाषा की दशा कैसी होती हैं?
(3) किसी भाषा के साहित्य से किसी जाति के बारे में क्या पता चलता हैं?
(4) साहित्य किस बात का एकमात्र निर्णायक होता है?
(5) ऐतिहासिक शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय तथा मूलशब्द बताइए?
(6) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए?

प्रश्न 4. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर पुस्तिका में लिखिए। (6)

इस समाधि में छिपी हुई है एक राख की ढेरी।
जलकर जिसने स्वतंत्रता की दिव्य आरती फेरी।।
यह समाधि यह लघु समाधि, है झाँसी की रानी की।
अंतिम लीला–स्थली यही है लक्ष्मी मर्दानी की।।
यहीं कहीं पर बिखर गई वह भग्न विजय–माला–सी
उसके फूल यहाँ संचित हैं वह स्मृति–शाला–सी।।
सहे वार पर वार अंत तक लड़ी वीर बाला–सी।
आहुति–सी गिर पड़ी चिता पर चमक उठी ज्वाला–सी।।
बढ़ जाता है मान वीर का रण में बलि होने से।
मूल्यवती होती सोने की भस्म यथा सोने से।।
रानी से भी अधिक हमें अब यहाँ समाधि है प्यारी।
यहाँ निहित है स्वतंत्रता की आशा की चिंगारी।।

(1) कवि किसकी समाधि की बात कर रहा है?
(2) अंतिम लीला–स्थली किसे कहा गया है और क्यों?
(3) वीर का मान कब बढ़ जाता है?
(4) स्वतंत्रता शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग करके लिखिए?
(5) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए?
(6) विजय शब्द का विलोम शब्द लिखिए?

निम्नलिखित लघुतरात्मक प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में दीजिए– (14)

प्रश्न 5. नेताजी का चश्मा कहानी में निहित देशभक्ति के संदेश को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 6. हमारी संस्कृति पर मनीषियों का क्या प्रभाव पड़ा पठित पाठ के आधार पर लिखिए?

प्रश्न 7. संगतकार का गायन में क्या योगदान होता है लिखिए?

प्रश्न 8. क्रोध पर विनय और व्यंग्य का अलग–अलग प्रभाव कैसे पड़ता है? राम लक्ष्मण परशुराम संवाद के आधार पर स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 9. जाने कितना ऋण है हम पर इन नदियों का, इन शिखरों का। मणि के कथन का क्या भाव है और इससे हमें क्या प्ररेणा मिलती है?

प्रश्न 10. महतारी के हाथ से खाने पर बच्चों का पेट भी भरता है। ऐसा क्यों कहा गया है माता का आंचल पाठ के आधार पर लिखिए?

प्रश्न 11. आंखे मूंदना मुहावरे का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए?

प्रश्न 12. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने उत्तर पुस्तिका में लिखिए। (4)

हालदार साहब को पानवाल द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए। एक बेहद बुढ़ा मरियल–सा लँगड़ा आदमी सिर पर गाँधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी–सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टंगे बहुत–से चश्मे लिए अभी–अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था। तो इस बेचारे की दुकारन भी नहीं! फेरी लगाता है! हालदार साहब चक्कर में पड़ गए। पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं? क्या यह इसका वास्तविक नाम है? लेकिन पानवाले ने साफ़ बता दिया था कि अ बवह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं। ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था। काम भी था। हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए।

(1) पान वाला क्या कर रहा था?

(2) देशभक्ति किसे कहा गया है?

(3) हालदार साहब आवाक् क्यों रह गए?

(4) हालदार साहब ने कैप्टन को बेचारा क्यों कहा है?

अथवा

नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से नमक–मिर्च के संयोग से चमकती खीरे की फाँकों की ओर देखा। खिड़की के बाहर देखकर दीर्घ निश्वास लिया। खीरे की एक फाँक उठाकर होंठों तक ले गए। फाँक को सूँघा। स्वाद के आनंद में पलके मुँद गईं। मुँह में भर आए पानी का घूँट गले से उतर गया। तब नवाब साहब ने फाँक को खिड़की से बाहर छोड़ दिया। नवाब साहब खीरे की फाँकों को नाक के पास ले जाकर, वासना से रसास्वादन कर खिड़की के बाहर फेंकते गए।

नवाब साहब ने खीरे की सब फाँकों को खिड़की के बाहर फेंककर तौलिए से हाथ और होंठ पोंछ लिए गर्व से गुलाबी आँखों से हमारी ओर देख लिया, मानो कह रहे हों– यह है ख़ानदानी रईसों का तरीक़ा!

(1) नवाब साहब ने सतृष्ण आंखों से क्या देखा?

(2) नवाब साहब ने खीरे की फांकों के साथ क्या किया?

(3) नवाब साहब की पलकें क्यों मुंद गईं?

(4) नवाब साहब द्वारा किरण खीरे की फांकों को खिड़की से बाहर फेंककर तौलिए से हाथ और होंठ पोछना किस भाव को दर्शाता है?

प्रश्न 13. पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (4)

लखन कहा हँसि हमरें जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जुन धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें।।
छुअत टूट रघुपतिहू न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू।।
बोले चितइ परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा।।
बालकु बोलि बधउँ नहिं तोही। केवल मुनि जड़ जानहि मोह।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही। बिस्व बिदित छत्रियकुल द्रोही।।
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही। बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही।।
सहसबाहु भुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीपकुमारा।।
मातु पितहि जनि सोचबस करसि महीसकिसोर।
गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अति घोर।।

(1) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष टूट जाने के लिए कौन–कौन से तर्क दिए?

(2) परशुराम ने लक्ष्मण को क्या चेतावनी दी?

(3) परशुराम ने अपने पराक्रम की प्रशंसा किस प्रकार की?

(4) परशु मोर अति घोर पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए?

अथवा

एक की नहीं,
दो की नहीं,
ढेर सारी नदियों के पानी का जादू:

एक के नहीं,
दो के नहीं,
लाख–लाख कोटि–कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमाः
एक की नहीं,
दो की नहीं,
हज़ार–हज़ार खेतों की मिट्‌टी का गुण धर्मः

(1) कवि के अनुसार फसल निर्माण में मिट्‌टी के योगदान को लिखिए?
(2) इस काव्यांश में कवि क्या कहना चाहता है?
(3) पानी का जादू से क्या तात्पर्य है?
(4) लाख–लाख, कोटि–कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा है पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में दीजिए–

प्रश्न 14. उद्धव गोपियों के कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम को समझने में असमर्थ क्यों रहे? (4)

अथवा

यह दंतुरित मुस्कान कविता का मूल भाव में लिखिए?

प्रश्न 15. बिसिमल्लाह खान का व्यक्तित्व बाह्य आडंबर और दिखावे से मुक्त था। समझाइए? (4)

अथवा

आषाढ़ मास में भगत जी के संगीत के जादू से लोगों की क्या प्रतिक्रिया होती थी?

प्रश्न 16. नागार्जुन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में लिखिए? (4)

अथवा

कृष्णा सोबती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में लिखिए?

प्रश्न 17. सब और जैसे जन्नत बिखरी पड़ी थी। लेखिका के इस कथन को साना–साना हाथ जोड़ी पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए? (4)

अथवा

माता का आंचल पाठ के आधार पर बाल स्वभाव की विशेषताओं का वर्णन कीजिए?

प्रश्न 18. स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुर का छात्र योगेश मानकर अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को खेल प्रतियोगिता आयोजन हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए? (6)

अथवा

अपने बड़े भाई का राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर बधाई पत्र लिखिए।

प्रश्न 19. विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी हेतु एक विज्ञापन लिखिए? (6)

अथवा

जल संरक्षण को प्रेरित करने के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए?

प्रश्न 20. निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिएः– (6)

(अ) बढ़ती महंगाई विकराल समस्याः–
(1) प्रस्तावना (2) महंगाई का अर्थ (3) महंगाई बढ़ने के कारण
(4) महंगाई नियंत्रित करने के उपाय (5) उपसंहार

(ब) नारी शसक्तीकरणः–
(1) प्रस्तावना (2) नारी सशक्तिकरण का अर्थ (3) वर्तमान में नारी की स्थिति
(4) देश की प्रमुख नारियां (5) उपसंहार

(स) हरियालो राजस्थान
(1) प्रस्तावना (2) वनों का महत्व (3) वनों की कटाई के कारण
(4) वनों की कटाई के रोकथाम के उपाय (5) वन संरक्षण हेतु सरकार के प्रयास (6) उपसंहार